**खबर संक्षेप**

### हरिदास महाराज मंदिर में श्रीमद भागवत महापुराण 3 दिसंबर से

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उत्तमपुर टिकुरी स्थित हरिदास महाराज मंदिर में श्रीमद भागवत महापुराण 3 दिसंबर से प्रारम्भ होगा जो 10 दिसंबर तक चलेगा। श्रीमद भागवत महापुराण में ध्वजारोहण महोत्सव, संगीतमय भागवत कथा होगी। कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जायेगा। मंदिर आयोजक समिति ने सभी धर्मप्रिय जनों से पहुंचकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### संविधान दिवस पर आज निकलेगी महारैली

**कटनी।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं कई सामाजिक संगठनों के द्वारा कटनी में संविधान दिवस एवं महारैली का आयोजन दिन बुधवार 26 नवंबर 2025 को किया जा रहा है। भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी ने बताया कि कटनी में संविधान दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है जिसमें महारैली की जाएगी कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे स्टेशन से किया जाएगा एवं संपूर्ण शहर भ्रमण करते हुए पुरानी कचहरी में महा रैली का समापन किया जाएगा।

रेत, ईट, गिट्टी, सरिया सहित अन्य सामग्री का हो रहा बेरोकटोक परिवहन

# कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरों का हो रहा बेरोकटोक कमर्शियल उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र में भवन निर्माण सामग्री को ढोया जा रहा है। ये ट्रैक्टर और ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं, लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। तहसील मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेत, ईंट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते देखा आए दिन जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफ होकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं।

कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली टैक्स फ्री रखा गया है, लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय करने में लग गए हैं। ट्रैक्टर मालिकों के पास



रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं। इनके पास देखा जाए तो जो व्यक्ति ट्रैक्टर चलाते हैं, उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता है। ट्रैक्टर और ट्रॉली से कृषि कार्य की आड़ में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। थाना के सामने से होकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों में बेखौफ होकर दौड़ाते हैं। जिस पर संबंधित विभाग लगाम नहीं कस पाया है। अधिकतर बिना कागजात, लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ईंट, गिट्टी, मुरम, छड़, पानी का टैंकर आदि ढोया जा रहा है।

#### नौसिखिए व नाबालिग दौड़ा रहे वाहन

ग्रामीण अंचल में नौसिखिए ट्रैक्टर चलाते हैं। ऐसे नौसिखिए के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं, जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते वर्षों में कई इन ट्रैक्टर ट्राली से घटनाएं घटित हो चुकी है।वही कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का पिटनेस चेक नहीं करवाते हैं। ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने, कृषि कार्य करने के लिए किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसे ट्रैक्टर मालिकों के उपर कार्रवाई करना चाहिए।वही एक ओर कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का व्यावसायिक उपयोग होने से एक ओर जहां शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो रही है, वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इस ओर नियमित कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई ट्रैक्टरों का लोग बीमा नहीं कराते हैं ऐसे में दुर्घटना के बाद लोगों बीमा क्लेम के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### इनका कहना है

थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार सुमन का कहना है कि कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरो से यदि कमर्शियल उपयोग मे लाया जा रहा है तो यह गलत है। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों की जाँच पड़ताल कर जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



## जनसुनवाई में 116 आवेदकों ने बताई अपनी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने यहां पहुंचे 116 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया निवासी बांकेलाल चौधरी ने बताया कि मेरी पत्नी छितिया बाई का निधन 5 जुलाई 2025 को हो गया था। मैंने संबल योजनांतर्गत अनुग्रह राशि के लिए गांव के सरपंच और सचिव को संपूर्ण दस्तावेज दिये। परंतु मुझे अभी तक योजना का लाभ नहीं मिला। मुझे अनुग्रह राशि दिलाई जायें। इस पर जनपद पंचायत कटनी के सीईओ को पात्रातानुसार योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 17 निवासी विष्णु कुमार गोटिया ने आवेदन देते हुये कहा कि मैं साइकिल रिपेयरिंग करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता हूं। मुझे साइकिल के पाट्र्स और अन्य उपकरणों की आवश्यकता है। इसके लिये मैंने भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण हेतु आवेदन किया है। मुझे ऋण दिलाया जायें। इस पर अग्रणी जिला प्रबंधक को पात्रतानुसार ऋण दिलाने के निर्देश दिये गए।

छायाबाई बर्मन ने कहा कि मैं प्रेम नगर जोन में वर्ष 2003-04 से काबिज हूं और उक्त भूमि पर कमरा बनाकर निवास कर रही हूं। वर्ष 2021-22 से नगर निगम को टैक्स भी दे रही हूं। भविष्य में वाद-विवाद की स्थिति न हो इसके लिए मुझे इस भूमि का पट्टा दिया जायें।

*सिलौड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम सुंतरा की घटना, परिजनों ने जांच कर कार्यवाही की मांग*

## रोजगार सहायक ने लगाई फांसी, परिजनों ने कहा तीन माह से नहीं मिला वेतन, काम का था दवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना की सिलौंडी चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर के सुंतरा गांव में एक रोजगार सहायक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 38 वर्षीय रूपेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो गोपालपुर ग्राम पंचायत में कार्यरत थे। मृतक के पिता ने उनकी आत्महत्या के पीछे तीन माह से मानदेय न मिलने और काम के अत्यधिक दबाव को जिम्मेदार ठहराया है।

जानकारी के अनुसार रूपेंद्र सिंह ने गांव के पास एक पेड़ से फंदा बनाकर आत्महत्या की। ग्रामीणों की सूचना पर सिलौंडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भिजवाया।



मृतक के परिजनों ने इस मामले में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, रूपेंद्र सिंह पिछले तीन माह से मानदेय न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। पिता ने बताया, रूपेंद्र पिछले कई दिनों से बहुत परेशान था। तीन महीने से मानदेय नहीं मिला था। ऊपर से एसआईआर (SIR) काम को लेकर भी उस पर भारी दबाव था।

परिजनों ने आगे कहा कि इसी आर्थिक तंगी और काम के बोझ के चलते रूपेंद्र ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि मृतक कल दोपहर से घर से लापता थे, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और नियमानुसार जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट तथा जांच के तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ढीमरखेड़ा यजुर्वेद कोरी ने बताया कि यह बात सही है कि शासन स्तर से तीन माह का वेतन रुका हुआ था। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि रूपेंद्र सिंह ने वेतन की वजह से आत्महत्या की है या उन पर एसआईआर (SIR) को लेकर कोई दबाव था।

### कृषि की उन्नत तकनीक सीखने हेतु दल तीसगढ़ रवाना

**कटनी।** जिले के किसानों को आधुनिक कृषि एवं उद्यानिकी की उन्नत तकनीकों से परिचित कराने हेतु मंगलवार को 30 कृषकों का एक दल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर और बिलासपुर में प्रशिक्षण भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ रवाना हुआ। इस 5 दिवसीय प्रशिक्षण भ्रमण दल को अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

## इंजीनियरिंग के छात्र की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शादी समारोह में शामिल होने आए इंजीनियरिंग छात्र की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के अखडार गांव के पास हुई। मृतक आर्यन तिवारी 21 स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के सिहुड़ी ग्राम निवासी सोहनलाल तिवारी का बेटा था। वह जबलपुर के निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर था। वह अपने फूफा भगवती त्रिपाठी के यहां अखडार गांव में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आया था।

#### नदी में नहाने गया था

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर आर्यन अपने कुछ साथियों के साथ गांव के पास की छोटी नदी में नहाने गया था। इस दौरान वह गहरे और तेज बहाव वाले हिस्से में चले गया। साथियों ने उसे डूबते देख शोर मचाया। मौके पर मौजूद दोस्तों और स्थानीय तैराकों ने मशक्कत के बाद उसे निकाला। गंभीर हालत में बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद शादी वाले घर और परिवार में मातम छा गया। सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक लाख रूपए से अधिक की अवैध हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त बड़वारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरही, मचमचा, कुंआ, करेला खितोली एवं वृत्त विजयराघवगढ़ के अंतर्गत खिरवा, फुटहाटोला सिनगौड़ी में सामूहिक दबिश दी गई।

जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 25 लीटर हाथ भट्टी शराब और 630 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त मदिरा और महुआ लाहन की कीमत 1 लाख 2 हजार रुपए आंकी गई है। जब्त महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं च के 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।



इस कार्यवाही में कार्यवाहक सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं वृत्त प्रभारी बड़वारा प्रवीण रतन वरकड़े, विजयराघवगढ़ वृत्त प्रभारी आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, आबकारी आरक्षक चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, रामसिंह, किसन लाल बरदिया एवं सैनिक संतोष तिवारी उपस्थित रहे।

### अभद्र व्यवहार से रोष, कार्यवाही करने मांग

**कटनी।** गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा खालसा दीवान ऑर्डिनेंस फैक्टरी परिसर में एक विवादास्पद घटना सामने आई है। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कटनी के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तथाकथित व्यक्तियों पर अवैध गतिविधियाँ संचालित करने, अभद्र व्यवहार करने एवं साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना से सिख समाज में गहरा रोष व्याप्त है और समाज ने पूरी घटना की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि उन्होंने कुछ अवैध गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। पदाधिकारियों ने कहा ऐसी गतिविधियों एवं व्यवहार पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढ़ाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज शांति नगर, 84. बीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाजारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- बिरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

*मंडप सजाकर निभाई सभी रस्में, मंगल गीतों का हुआ गायन*

## सिंहवाहिनी मंदिर में धूमधाम से हुआ श्रीराम जानकी विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि जिसे विवाह पंचमी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर मंगलवार को स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर मे धूमधाम से श्रीराम जानकी विवाहोत्सव मनाया गया। श्रीराम और माता सीता के विवाह उत्सव के लिए मंडप डाला गया। इससे पहले दिनभर मंदिर परिसर में विवाह उत्सव की तैयारियां चलीं।दोपहर मैं महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा रामायण पाठ संकीर्तन आयोजित किया गया।वही शाम के समय श्रीराम - सीता विवाहोत्सव मनाया गया। विवाहोत्सव की सभी रस्मे निभाई गई। विधि-विधान से



भगवान श्रीराम के विवाह के लिए मंडप सजाया गया। वहीं भगवान की हल्दी की रस्म भी अदा की गई। इस दौरान मंदिर का पूरा प्रांगण श्रद्धालुओं से भरा रहा और सभी अपने आराध्य के विवाह की खुशी में झूमते दिखाई दिए।

#### सिया जू खो ब्याहन आए राम

मंडप के पूजन को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर प्रांगण में पहुंची थी।जहाँ महिलाओं ने सुबह भगवान श्रीराम जानकी का जलाभिषेक किया गया। नई पोशाक से भगवान का दूल्हा स्वरूप मे श्रंगार किया गया फिर तेल व हल्दी की रिस्म की गईं। महिलाओं ने प्रांगण में बैठकर मंडप और हल्दी पर गाए जाने वाले गीत गाए। हरे बांस मंडप छाए, सिया जू खो राम ब्याहन आए और बन्ना खो चढ़ गओ हल्दी तेल, बन्ना मोरो पीरो पर गयो री,बने दूल्हा छवि देखो भगवान की, दुल्हन बनी सिया जानकी सहित तमाम गीतों ने रसिक बिहारी जू मंदिर का माहौल आनन्दमयी हो गया।फिर पाव पखराई की रस्म हुई। महिलाओं ने अपने दुल्हा सरकार के मंडप के अवसर पर जमकर नृत्य किया।

#### 56 भोग किये गए अर्पित

विवाह पंचमी के पावन अवसर के साथ बांके बिहारी भगवान का भी प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों ने 56 प्रकार के भोग भगवान बांके बिहारी को अर्पित किए।साथ ही आरती कर सुख समृद्धि की कामना की गई।

## खबर संक्षेप

### जिले में आज मनाया जायेगा संविधान दिवस

**कटनी।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार 26 नवंबर को जिले के सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वशासी संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों सहित ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेंगा। इसके लिए राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। संविधान दिवस पर जिला मुख्यालय, तहसील, पंचायत व ग्राम स्तर पर शासकीय सेवकों और आमजन की सहभागिता से संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया जायेगा। संविधान से संबंधित प्रदर्शनी और फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाईन संविधान दिवस क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी। साथ ही विशेष सभायें आयोजित की जायेंगी। जिसमें भारतीय संविधान के अनूठे स्वरूप, संविधान सभा का महत्व एवं योगदान संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष चर्चायें की जायेंगी। इसके अलावा स्कूल, पंचायत, शासकीय कार्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर उद्देशिका का भित्ति लेखन निर्मित की जायेंगी।

### कार्यक्रम के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा ललित कलाओं के माध्यम से युवाओं में श्रीरामचंद्र के जीवन आदर्श को सम्प्रेषित करने हेतु जिले के महाविद्यालयों में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, प्राचार्य एव नोडल (उच्च शिक्षा) शासकीय तिलक कॉलेज कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### समग्र आईडी की आधार से ई-केवाईसी कराने अपील

**कटनी।** शासन निर्देशानुसार अब समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी नहीं कराने वाले नागरिकों को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी समग्र श्री शैलेश गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा समग्र से आधार ई-केवाईसी की कार्यवाही अभियान चलाकर की जा रही है। इसके तहत ऐसे नागरिकगण जिन्होंने अभी तक अपनी समग्र आईडी की आधार के साथ ई-केवाईसी नहीं कराई है वे नगर निगम कार्यालय अथवा जोन कार्यालयों में 30 नवंबर के पूर्व संपर्क कर अपनी ई-केवाईसी निःशुल्क करा सकते है। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर अथवा समग्र पोर्टल पर लिंक ओपन कर भी ई-केवाईसी का अनुरोध दर्ज करनें की अपील की गई है। उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने इस कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि समग्र आईडी की ई-केवाईसी के लिए नगर में चलाए जा रहे अभियान को और अधिक गति प्रदान कर अधिक से अधिक नागरिकों की ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### संविधान दिवस पर आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कटनी।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को अनुभाग, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय एवं स्कूल, महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। जारी आदेश के अनुसार अनुभाग, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय एवं स्कूल व महाविद्यालय स्तर पर कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला कटनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिले के विद्यालयों और महाविद्यालयों में ऑनलाईन संविधान दिवस क्विज प्रतियोगिता (MyGov.in) आयोजन की जिम्मेदारी नोडल (उच्च शिक्षा) प्रचार्य शा. तिलक कॉलेज को दी गई है। समस्त स्कूल एवं कॉलेजों में विशेष सभाएँ आयोजित कर उसमें भारतीय संविधान के अनूठे स्वरूप, संविधान सभा का महत्व एवं योगदान, संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष चर्चा संबंधी कार्यक्रम अधिकारी करेंगे।

---

### केन्द्रीय सूचना, प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरूगन के मुख्य आतिथ्य में हुआ सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने मिलेगा मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट फॉर युवा विकसित भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को कटनी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल मैदान (फॉरेस्टर मैदान) में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। केन्द्रीय सूचना, प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरूगन के मुख्यातिथ्य और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के विशेष आतिथ्य और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और उत्सवी माहौल में स्कूली छात्र-छात्राओं के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जो अगले एक माह तक जारी रहेगा।

केन्द्रीय सूचना, प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल मुरूगन ने सांसद खेल महोत्सव को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित करते हुये कहा कि सांसद बीडी शर्मा ने भव्य एवं विशाल खेल महोत्सव का आयोजन किया है। जो एक माह तक चलेगा। इसके लिये 75 हजार युवाओं ने पंजीयन कराया है। जो किसी भी संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक है। उन्होंने इस महोत्सव में प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि प्रधानमंत्री द्र मोदी की दूरदर्शी सोच खेलो इंडिया के माध्यम से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन गांव-गांव की युवा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प का जिक्र करते हुये युवाओं को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के विकसित और मजबूत भारत बनाने के मिशन को फलीभूत करने में युवाओं की बड़ी भूमिका का उल्लेख किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अगले 25 साल में विश्व का नेतृत्व करेगा।

#### खेल सुविधाओं में कमी नहीं आने दी जाएगी- सांसद

खजुराहो सांसद श्री व्ही.डी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद खेल महोत्सव में लगभग 75 हजार खिलाडियों का पंजीयन किया जा चुका है। खेलो इंडिया के तहत कटनी से प्रारंभ हो रहे खजुराहो लोकसभा के सांसद खेल महोत्सव में गांव-गांव के खिलाडियों की सहभागिता के प्रयास किये जाएंगे। ताकि वे अपने खेल का प्रदर्शन कर खेल प्रतिभा को निखार सकें। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि कटनी, पन्ना एवं छतरपुर के खिलाड़यों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए खेल मैदानों का विकास कार्य निरंतर जारी है। इन कार्यो में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आनें दी जाएगी, ताकि यहां खेल रहे कई युवा आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। सांसद श्री शर्मा ने विधायक मुड़वारा श्री जायसवाल के आग्रह पर करीब साढ़े 7 करोड़ की लागत से प्रस्तावित मल्टीपरपज हाल के निर्माण के लिये केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मुरूगन द्वारा 1 करोड़ रूपये और स्वयं उनके द्वारा भी सांसद निधि से 1 करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

#### खिलाडियों की प्रतिभा को निखारनें हो रहे विकास कार्य

विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल नें कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप सांसद खेल महोत्सव में अनेक खेलों को शामिल किया गया है। विधायक श्री जायसवाल नें कहा कि सांसद श्री शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिले के सभी चारों विधायक अपने-अपने क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रयासरत है। पूर्व में भी कटनी में इसी फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को प्रतिभा का प्रदर्शन करनें का अवसर है। उन्होंने कहा कि फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में निर्माणाधीन स्टेडियम में अत्याधुनिक एस्ट्रो टर्फ, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट व लॉन टेनिस कोर्ट बन रहा है। जिससे यहां एक साथ 12 प्रकार के खेलों का आयोजन हो सकेगा। कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सत्येन्द्र सिंह लोहिया, केदार जाधव ने भी संबोधित किया।

#### कटनी के लिए गौरव का क्षण

स्वागत भाषण में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि यह आयोजन कटनी और ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का बड़ा अवसर है।

#### एक माह चलेगा महोत्सव

एक माह तक चलने वाले इस महोत्सव के सेमीफाइनल खजुराहो में तथा समापन पन्ना में होगा। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

#### कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबॉल से हुई प्रतियोगिताओं की शुरुआत

अतिथियों ने महिला कबड्डी मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया। इसके बाद कुश्ती एवं महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह ने दर्शकों का मन मोह लिया।

#### रस्साखींच में जनप्रतिनिधियों ने भी दिखाया दम

रस्साखींच प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा रस्सा खींचकर किया गया। जनप्रतिनिधियों की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसे देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। कार्यक्रम में कटनी की प्रतिष्ठित खेल प्रतिभाओं, वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं महोत्सव में विशेष भूमिका निभाने वाले सहयोगियों का सम्मान किया गया।

---

*13 दिसंबर तक चलेगा अभियान, राजस्व विभाग ने जारी किये निर्देश*

# नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों को दिया जाएगा आवासीय भूमि का पट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संकेत भोंडवे ने बताया कि यह अभियान 13 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे।

राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य 13 दिसम्बर तक चलेगा। सूची 14 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। किसी भी आपत्ति या सुझाव के निराकरण के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जारी की जाएगी। यह सूची संबंधित जिला कार्यालय की वेबसाइट और विभागीय वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण दल गठित किए जाएंगे, जिनमें राजस्व अधिकारी प्रमुख होंगे और सर्वेक्षण के दौरान आधार ई-केवाईसी आधारित समग्र आई.डी अनिवार्य रहेगी। नगरीय विकास आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। अंतिम सूची जारी होने के बाद पात्र हितग्राहियों को आवासीय भूमि के स्थाई एवं अस्थायी पट्टों का वितरण 4 जनवरी 26 से 20 फरवरी 26 के मध्य किया जाएगा। स्थाई पट्टे लाल रंग में और अस्थायी पट्टे पीले रंग में प्रदान किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों का अन्यत्र पुनर्व्यवस्थापन आवश्यक है, वहां समिति के निर्णय के अनुसार हितग्राहियों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा।

स्थाई रूप से पट्टा प्राप्त क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नालियां, बिजली और अन्य आवश्यक अधोसंरचना का विकास नगरीय निकाय एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। अवैध अधिपत्य, धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने जैसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर ब्लैकलिस्ट तैयार की जाएगी। यह अभियान शहरी गरीबों को सुरक्षित आवासीय अधिकार प्रदान करने, पीएम आवास योजना (शहरी) और "सबके लिए आवास" के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण कदम है।

---

### बेहतर कार्य पर बीएलओ सुपरवाइज को किया सम्मानित



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम( एसआईआर) के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को मंगलवार को एसडीएम कार्यालय बहोरीबंद में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम राकेश चौरसिया ने 9 बीएलओ व सुपरवाइजर सहित उनके सहयोगियों को शाल श्रीफल भेंटकर प्रशस्ति पत्र और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम राकेश चौरसिया, तहसीलदार नेहा जैन और बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे। गणना पत्रकों के डिजिटाईजेशन के कार्य में शत प्रतिशत कार्य करने वाले बहोरीबंद विधानसभा 94 अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 170 खिरहनी बीएलओ सुरेन्द्र रैदास, 171 खिरहनी बीएलओ राकेश कुमार राजपूत ,73 सुनाई बीएलओ सीताराम मांझी, 188 रामपुर बीएलओ बेडीलाल सिंह , 192 कजरवारा बीएलओ कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, 205 पिपरिया बीएलओ विनीत मिश्रा , 213 सिंदुरसी बीएलओ राजभान हल्दकार , 220 कछगवां बीएलओ अविनाशकांत बैरागी, 285 अगौध बीएलओ मथुरा राय व उनके सहयोगी टीम ने गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य 100 फीसदी पूर्ण कर अन्य बीएलओ के लिए मिसाल बन गये है। बीएलओ के सहयोगी ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम रोजगार सहायक ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को भी सम्मानित किया गया।

---

# नेशनल लोक अदालत में संपत्ति एवं जलकर के अधिभार में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल तथा सदस्य सचिव राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय सहित नगर के विभिन्न चार स्थलों पर किया जा रहा है। जिसमें लंबित विभिन्न करों मे छूट प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की जाना है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नागरिकों से अधिक से अधिक लोक अदालत का फायदा उठाने की अपील की है।

नेशनल लोक अदालत में म0प्र0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत सम्पत्तिकर अधिभार सरचार्ज जल उपभोक्ता प्रभार सरचार्ज मे निम्न शर्तों के अधीन छूट प्रदान की है। जिसके अनुसार संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। जबकि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये दस हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जायेगी।

संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। वहीं जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये दस हज़ार से अधिक तथा रूपये पचास हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 75 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रूपये एक लाख से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 25 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि पचास हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। यह छूट मात्र एक बार ही प्रदान की जाएगी एवं वित्तीय वर्ष तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 13 दिसंबर की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी।

---

*जीआरपी को मिली सफलता, चोरी किये गये जेवरात किये बरामद, चोर को न्यायालय में किया पेश*

# सोने व चांदी के जेवरात सहित मोबाइल चोरी करने वाला बदमाश हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





रेल यात्रा के दौरान सोने चांदी के जेवरात एवं मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। प्लेट फार्म व चलित ट्रेनो,आउटरों मे यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम एवं पतारसी हेतु जीआरपी कटनी में गठित टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी जीआरपी कटनी निरी. एल.पी. कश्यप द्वारा किया जा रहा है।

घटना दिनांक 10.5.25 को ट्रेंन विंध्याचल एक्स में यात्रा के दौरान एक लेडीज पर्स जिसके अंदर सोने की अंगूठी, सोने का टाप्स, चांदी की करधन 250 ग्राम एवं चांदी की एक जोड़ पायल ढेड सौ ग्राम एवं एक मोबाईल चोरी जाने की रिपोर्ट पर थाना में अप.क्र.- 549/2025 धारा 305 (सी) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना की गयी। दौरान विवेचना दिनांक 01.4.25 को आरोपी संतोष कुमार के कब्जे से चोरी का एक मोबाईल जप्त किया गया था दौरान पूछताछ पर बताने बारे लाल से मोबाईल खरीदना बारे लाला की लगातार तलास के प्रयास पर दिनांक 24.11.25 को दस्तयाब हुआ। पूछताछ पर घटना दिनांक को एक लेडीज पर्स जिसके अंदर सोना जेवरात चोरी करना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी बारे लाला के कब्जे से चोरी किया मशरुका एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ कान के टाप्स, एक जोड चांदी की पायल, एक जोड़ कमर की करधन कुल कीमती 1,30000/रु का बरामद कर आरोपी बारेलाल पिता टिर्रा केवट 58 साल निवासी विजय सोता नापपौंद जिला शहडोल को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक एल.पी. कश्यप, उप निरीक्षक . अनिल मरावी, प्रधान आरक्षक रामरुद्र चौकसे, आनंद यादव, लवकुमार सिंह, शिवेन्द्र सिंह, आकाश शुक्ला आरक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता, अभिषेक सिंह, धर्मेन्द्र राजभर, राकेश सिंह, सुदीश पटेल, आरक्षक शैलेस कुमार, महिला आरक्षक प्रिया सिंह, महिला आरक्षक अंजना सिकरवार की अहम भूमिका रही।

---

### जिला चिकित्सालय 'विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह'

# एंटीबायोटिक प्रतिरोध पर दी चेतावनी : 'मनमाना उपयोग रोकें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



'विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह' के अवसर पर जिला चिकित्सालय कटनी के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. यशवंत वर्मा ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संक्रमणों और एंटीबायोटिक प्रतिरोध के बढ़ते स्तर पर एक गंभीर चेतावनी दी है।

#### जान तक का जोखिम

अनुमानों के अनुसार 7 से 18 प्रतिशत रोगी जो या तो अस्पताल में भर्ती होते है या कोई प्रक्रिया करवाते हैं, ऐसे संक्रमण में ग्रस्त हो सकते है। इसके कारण रोगियों को न केवल जान का जोखिम उत्पन्न हो सकता है परंतु लंबी बीमारी, शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में कमी, अन्य संक्रमण जनित शारीरिक जटिलताएं भी उसे लम्बे समय सक्रिय जीवन जीने में अक्षम बना सकती है। रोगी के परिवारजनो पर भी परिचर्या का अतिरिक्त दबाव, अनचाही आर्थिक जटिलताएं, अपने परिजन को कष्ट में देखने की पीड़ा जैसे अनचाहे कारकों से भौतिक, मानसिक व सामाजिक दशा में कमी का अनुभव करना पड़ता है। चिकित्सालय के लिये यह एक आर्थिक हानि के अतिरिक्त प्रतिष्ठा में कमी भी लाता है। राष्ट्र के लिये यह एक सक्रिय सदस्य की कमी के कारण उत्पादकता में भी कमी होती है।

#### तो अधिक होती है हानि

ऐसे समय पर संक्रमण से लड़ने एंटीबायोटिक एक मात्र हथियार उपलब्ध होता है और यदि उसमें भी असर का प्रतिरोध हो जावे तो हानि के अवसर बहुगुणित हो जाते हैं लगभग 15 प्रतिशत प्रकरण इस तरह के प्रतिवेदित किए गए हैं।

#### तीन गुना रफ्तार से वृद्धि

यह स्थिति और विकराल रूप तब धारण करती है जब हम यह महसूस करते हैं कि वर्ष 2000 के बाद एक या दो एंटीबायोटिक ही नए अविष्कृत हुए हैं। अन्यथा हमें पूर्व में उपलब्ध दवाओं का ही सहारा लेना पड़ रहा है। कोविड के बाद इस स्थिति में लगभग तीन गुना रफ्तार से वृद्धि हो रही है।

#### मनमाना उपयोग रोकना होगा

चिकित्साकीय जनित संक्रमण में ऑपरेशन के उपरान्त या शरीर में यूरिनरी अन्य कोई केन्यूला डालने या वेन्टीलेटर के उपरान्त संक्रमण शामिल है। इस तथ्य से अवगत होना ही इस प्रतिरोध को घटाने की ओर पहला कदम है। यदि हम एंटीबायोटिक का अंधाधुंध मनमाना अनियंत्रित प्रयोग रोक दें तो कई एंटीबायोटिक निष्क्रिय होने से बचाई जा सकती है। हाथ धोने के वैज्ञानिक तरीके, विसंक्रमण के सिद्धांतों का पालन, जैव रासायनिक कचरे के सुरक्षित निष्पादन, वह अन्य कदमों में हम यह निर्भरता कम कर सकते हैं।

#### ताकि टाला जा सके संकट

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने अनुरोध किया है कि वे इस महत्वपूर्ण विषय पर व्यापक जागरूकता फैलाएं ताकि एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संकट को टाला जा सके। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष मिश्रा और आरएमओ सहित अन्य डॉक्टर्स की मौजूदगी रही।

---

# संविधान दिवस पर कार्यक्रम के लिए सौंपे गये दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार 26 नवंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर श्री जीतेन्द्र कुमार पटेल को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11.30 बजे जनप्रतिनिधियों तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी विभाग, कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी की संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन की संपूर्ण व्यवस्था करेंगे। जबकि ई-गवर्नेंस के प्रबंधक श्री सौरव नामदेव http://Constitution75.com वेबसाइट से उद्देशिका का वाचन, प्रदर्शनी एवं फिल्म वीडियो आदि सामग्री को उपलब्ध करायेंगे। वहीं वित्त एवं नाजरात शाखा के प्रभारी लिपिक http://Constitution75.com में उपलब्ध प्रदर्शनी को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन की व्यवस्था करेंगे और कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में फिल्म वीडियो को प्रदर्शित करने की संपूर्ण व्यवस्था करेंगे।

आयोजित कार्यक्रमों की वीडियो और फोटोग्राफ्स को पोर्टल constitution75.com पर अपलोड करने का निर्देश भी नोडल अधिकारियों को दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

### सीमांकन के लिए दो साल से भटक रहा किसान

**छतरपुर।** बड़ामलहरा तहसील क्षेत्र के एक गांव में किसान अपनी जमीन के गलत सीमांकन को सुधरवाने के लिए दो साल से भटक रहा है। मंगलवार को किसान ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में आवेदन देकर सही सीमांकन की गुहार लगाई गई। ग्राम देवपुर निवासी किसान मगनलाल कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी जमीन का सीमांकन और पंचनामा गलत हो गया था। तब से तहसील, नायब तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों के कई चक्कर लगा रहा है लेकिन सुधार नहीं हुआ। गलत सीमांकन के कारण उसे लगातार परेशानी हो रही है। मगन लाल ने आवेदन देकर सही सीमांकन कराने की मांग की है।

### नरसिंहगढ़ पुरवा में निकली भगवान राम की बारात

**छतरपुर।** शहर के नरसिंहगढ़ पुरवा स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में विवाह पंचमी के अवसर पर भगवान राम का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विवाह से पूर्व धूमधाम से बारात निकली जिसमें वार्ड 22 के सैकड़ों श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए शामिल हुए। भक्त डॉ. राजेंद्र सिंह भक्त ने बताया कि मंदिर में अयोध्या की तर्ज पर सभी रस्में संपन्न होंगी।

करोड़ों की लागत से क्वारेंटाइन और सॉफ्ट रिलीज की तैयारी शुरू - अफ्रीका से आएंगे चीते

# टाइगर रिजर्व में बनेगा चीतों का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में अफ्रीका से आने वाले चीतों को बसाने की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के चीता प्रोजेक्ट के तहत नौरादेही में चीतों को बसाने के लिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन को बजट भी मिल गया है। अब यहां चीतों के लिए, क्वारंटाइन बाड़ा और सॉफ्ट रिलीज बाड़ा तैयार किए जा रहे हैं।

### करीब 20 किमी लंबी फेंसिंग तैयार की जा रही

इसके साथ ही टाइगर रिजर्व में करीब 20 किमी लंबी फेंसिंग भी तैयार की जा रही है। बजट मिलने के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने बाड़ा बनाने का काम शुरू कर दिया है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डॉयरेक्टर डॉ. ए.ए. अंसारी का कहना है कि चीता प्रोजेक्ट के तहत भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून से एक विशेषज्ञ दल जल्द ही यहां पहुंचेगा। जिसके दिशा-निर्देश के बाद काम में और तेजी आएगी

### विशेषज्ञ दल ने अप्रैल-मई में किया था दौरा

डॉ. अंसारी ने बताया कि विशेषज्ञ दल ने अप्रैल और मई में टाइगर रिजर्व का दौरा किया था। इस दौरे के बाद चीतों को बसाने के लिए उन्होंने प्रबंधन को कई तरह के सुझाव दिए थे। इनमें चीतों की सुरक्षा, खाना-पानी के इंतजाम और मानव द्वंद से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय शामिल थे।

### दमोह-सागर की सीमा वाला क्षेत्र सबसे उपयुक्त

भारतीय वन्यजीव संस्थान के विशेषज्ञों ने नौरादेही टाइगर रिजर्व का दौरा कर दमोह-सागर की सीमा के जंगलों को चीतों के लिए उपयुक्त बताया था। इस क्षेत्र में सागर का मोहली, सिंगपुर रेंज और दमोह की झापन रेंज का करीब 600 वर्ग किलोमीटर एरिया शामिल है। इस क्षेत्र में मानव और चीतों के बीच द्वंद की आशंका के करीब 20 किलोमीटर लंबी फेंसिंग बनाई जा रही है

### साल 2026 में लाए जा सकते हैं चीता

टाइगर रिजर्व प्रबंधन को करीब पांच करोड़ का बजट मिल चुका है। इस बजट के मिलने के साथ ही फेंसिंग और बाड़ा बनाने की तैयारी भी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि फेंसिंग और पांच बाड़े तैयार होने के बाद साल 2026 के गर्मी में यहां चीतों को लाया जा सकता है।

### चीतों से पहले आई खुराक

वहीं रिजर्व में एक माह पहले ही 153 की काले हिरण की खेप लाई गई है बताया जा रहा है कि यहां चीतों की शिफ्टिंग के पहले उनके इस पसंदीदा आहार को बड़े घास के मैदानों में छोड़ा गया है। जहां ये कुलांचे मार रहे हैं वहीं जानकारों के अनुसार रिजर्व में काले हिरण की एक और खेप जल्द आनी है



### 4 साल में 800 चीतल लाए गए

टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 28 से अधिक बाघ बाघिन है इनके लिए भी काले हिरण के रूप में पर्याप्त आहार मिलेगा। 2018 में बाघ शिफ्टिंग के बाद नौरादेही अभयारण्य (अब टाइगर रिजर्व) में पेंच टाइगर रिजर्व से 800 चीतल लाकर छोड़े गए थे। 2021 से चीतल लाए जा रहे हैं। इनकी तादाद 4 साल में दो गुनी हो गई है। यहां पहले से नीलगाय, चिंकारा व काले हिरण जैसे शाकाहारी वन्य जीव हैं। वाइल्ड लाइफ से जुड़े विशेषज्ञ व टाइगर रिजर्व के अधिकारियों के अनुसार यहां 1 साल के भीतर चीतों को बसाने की प्लानिंग चल रही है।

### संघर्ष का खतरा कम

टाइगर रिजर्व में पहले ही चीतों के प्राकृतिक वास के प्रमाण मिले थे यहां घास के खुले मैदान हैं गांवों के विस्थापन के साथ मैदान और फैल रहा यहां चीते लंबी दौड़ के साथ शिकार कर सकते हैं रिजर्व का कोर एरिया 1414 वर्ग किमी है बफर एरिया-925.120 वर्ग किमी का है। चीतों को रखने के लिए मैदान चिन्हित भी किए जा चुके हैं यह क्षेत्रफल के लिहाज से प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। टाइगर रिजर्व में चीतों को शिकार के लिए चिंकारा, चीतल व काले हिरण की पर्याप्त संख्या है। यही वजह है कि यहां बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। चीतों को यहां बाघ-बाघिन से टकराव जैसी स्थिति बनने की आशंका नहीं है। बाघ बड़े जानवरों का शिकार करता है, जबकि चीता छोटे शाकाहारी वन्य जीवों से पेट भरता है। देश के किसी भी टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ व चीते एक ही जगह पर देखने नहीं मिलते। लेकिन दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ऐसा होने जा रहा है। एसके मलिक, रिटायर्ड एसडीओ

### पांच करोड़ का मिला बजट

चीता प्रोजेक्ट के तहत पांच करोड़ का बजट मिला है प्रोजेक्ट के तहत क्वारंटाइन बाड़ा बनाना है। उसकी तैयारी कर ली है। चार सॉफ्ट रिलीज बाड़ा भी बनेंगे बाकी बाउंड्री लाइन की फेंसिंग करना है। जिस एरिया में पहले चरण में चीतों को रखा जाना है, वहां पर हम करीब 20 किमी की फेंसिंग कर रहे हैं।

# भागवत कथा में मिला जीवन और मृत्यु का सार-कर्म, संस्कार और भक्ति का गहन संदेश

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सैलवाड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में चौथे दिवस की कथा के दौरान कथा व्यास पंडित बृज बिहारी सरकार अंकित कृष्ण महाराज ने भक्तजनों को जीवन और अध्यात्म के विभिन्न गूढ़ रहस्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन और मृत्यु दोनों ही उसके कर्मों पर आधारित हैं। रामकथा जहाँ मनुष्य को सदाचारी जीवन जीने की प्रेरणा देती है, वहीं श्रीकृष्ण कथा मृत्यु को श्रेष्ठ और मंगलमय बनाने का मार्ग बताती है। इस संसार में जैसा कर्म किया जाता है, उसी के अनुरूप फल की प्राप्ति होती है—यह सृष्टि का अनादि नियम है। महाराजश्री ने सृष्टि की उत्पत्ति और विस्तार पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु की नाभि से उत्पन्न कमल से ब्रह्मा जी प्रकट हुए, और फिर ब्रह्मा ने मनु व सतरूपा को उत्पन्न कर सृष्टि के संचालन का आधार बनाया। कथा में ब्रह्मा के नौ मानस पुत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने उनके तप, त्याग और दिव्य ज्ञान को प्रेरणास्रोत बताया। चौथे दिवस की कथा में अहंकार त्यागने पर विशेष बल दिया गया। महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य को अभिमान नहीं करना चाहिए, और यदि करना ही है तो केवल ईश्वर का अभिमान करें, क्योंकि वही सर्वोच्च है। उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ जाने से किसी को प्रसन्नता न हो, वहाँ जाना ही नहीं चाहिए, क्योंकि मनुष्य का सबसे बड़ा मूल्य उसके द्वारा दूसरों के हृदय में उत्पन्न होने वाली सहज खुशी है। माता सती की कथा का वर्णन करते हुए महादेव शंकर की दानशीलता एवं धैर्य के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मनु महाराज के पुत्रों तथा उनके द्वारा स्थापित आदर्श जीवन-मूल्यों को भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि जिनका मन भगवान के भजन में नहीं लगता, उन्हें नियमपूर्वक ध्यान, प्राणायाम और आसन का अभ्यास करना चाहिए ताकि मन शुद्ध और स्थिर हो सके। कथाव्यास ने माता–पिता को बच्चों को उत्तम संस्कार देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पुत्र को उचित मार्गदर्शन न मिले तो वह कुपुत्र बन सकता है, और यदि सही समय पर सही दिशा मिले तो वही ध्रुव की तरह महान बन सकता है। ध्रुव चरित्र की चर्चा करते हुए दृढ़ निश्चय और बाल-वय में की गई तपस्या को जीवन का आदर्श बताया। सनातन धर्म की पहचान बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक भक्त को गले में तुलसी की माला, माथे पर तिलक और हाथ में कलावा धारण करना चाहिए। दिन में कम से कम एक बार भगवान का नाम उच्चारित करना ही आध्यात्मिक जीवन का आरंभ है। उन्होंने कहा कि जैसे बसंत ऋतु के आगमन से प्रकृति स्वतः सुंदर और सुव्यवस्थित हो जाती है, उसी प्रकार संतों के आगमन से समाज और संस्कृति में शुद्धता और सुधार आता है। चौथे दिवस में प्रह्लाद जन्म की कथा तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन भी किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को आनंद और भक्ति में सराबोर कर दिया।

# खाद्यान्न पर्ची समस्या निवारण शिविर का आयोजन



**जबेरा।** खाद्यान्न पर्ची से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु खाद्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत जबेरा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिन लोगों को राशन मिलने में परेशानी आ रही है और राशन पर्ची में नाम जोड़ने एवं नाम अलग कराने आदि समस्याओं का निराकरण किया गया। जिसमें शिविर में आए 50 आवेदनों में से 22 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में आज खाद्य विभाग द्वारा राशन संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आए अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया और शेष का शीघ्र निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही हर विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर शिविर का आयोजन कराया जाएगा जिससे लोगों को भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके। शिविर में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, सरपंच शिवलाल धुर्वे, खाद्य अधिकारी आदित्य दाहिया,दस्सू ठाकुर, रामकुमार विश्वकर्मा, सचिव जन्मे जय दुबे, सहायक सचिव सुदीप झारिया, अमित जैन, मनोज सोनी सहित खाद विभाग की टीम एवं अनेकों हितग्राही मौजूद रहे।

# कथा में धूमधाम से हुआ सीताराम विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर में चल रही श्री सीताराम वैवाहिक कथा रस के पांचवे दिवस में दिव्य भव्य बारात निकाली गई एवं राम सीता, लक्ष्मण उर्मिला, भरत मांडवी,शत्रुघ्न श्रुतकीर्ति जी का दिव्य विवाह संपन्न कराया गया कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कहा कि महाराज जनक ने धनुषयज्ञ का किसी भी राजा महराजा को निमंत्रण नही भेजा था एक सूचना प्रसारित कराई थी की जो भी वीर धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढाकर तोड़ देगा जनकनंदिनी उसकी भार्या बनेगी कुछ ऋषि मुनी थे जिनको निमंत्रण भेजा गया था जैसे महर्षि श्री बिश्वामित्र दशरथ जी देव इक्ष्वाकु कुल से थे अस्तु अयोध्या मे मुनादी नही गयी थी धनुष यज्ञ की प्रभु राम और लक्ष्मण बिश्वामित्र के पास यज्ञ रक्षा के लिए गये थे इनका भी स्वयंवर से कोई हेतुक नही था

स्वयंवर प्रारंभ होने से पूर्व भाट



लोग राजा जनक की प्रतिज्ञा सामने रखते हैं जिसे बाबा तुलसीदास ने अपने शब्दो मे कुछ यों कहा है

यहां बैठे राज समाज से यानी की सभी क्षत्रियों मे जो भी शिव जी के इस कठोर धनुष को तोड़ेगा उसे तीनो लोको का विजेता मान लिया जाएगा,श और बिना किसी हठ के जानकी जी उसका वरण कर लेंगी अब यहां वही अवसर था जहां मात्र एक कार्य से भगवान श्री राम का परिचय दुनिया से होगा एक परिचय जो राम को भगवान और ब्रह्म स्थापित कर देगा उस सभा मे राजा महराजा यक्ष गंधर्व और कुछ देवता भी आए थे आगे की कथा आप जानते हैंइगुरू जी आज्ञा के बाद प्रभु राम ने धनुष को खंड खंड कर दिया और उस घटनाक्रम का वर्णन करते हुए बाबा तुलसीदास जी कहते हैं यानी की ये काम इतनी तेज हुआ की धनुष को लेते प्रत्यंचा चढाते किसी ने देखा भी नही लोग वही खड़े के खड़े रह गये, शायद यह इसलिए ऐसा हुआ को वो आंख सुरक्षित ही नही बचती जो यह घटना क्रम देख लेती भगवान ने धनुष के दो टुकड़े किए थे।प्रभु दोउ चापखंड मही डारे चाप कहते हैं धनुष को दोउ खंड का आशय दो टुकड़ों से है और मही कहते हैं धरती को ये धनुष नही दस हजार बाहुबलियों का अहंकार भंजन था राम के श्री राम की ओर स्थापित होने का का प्रमाण था श्री राम के त्रिभुवन विजेता होने का प्रमाण था और वहीं दूसरी ओर एक बात प्रमाणित होती है की चतुरंगिणी सेना और त्रिभुवन अयोध्य नगरी के राजकुमारों के विवाह का अधिकार एक गुरू एक ब्राम्हण के पास था जिनने बिना दशरथ से पूछे बिना कौशल्या से पूछे उनके पुत्र को जानकी जू को सौंप दिया उधर पृथ्वी पाताल और स्वर्ग मे अयोध्यानाथ की कीर्ती फैल गयी।

# मुस्कान अभियान के तहत किया जागरूक

## स्कूल में नाबालिगों को सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास का दिया संदेश

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के तहत संचालित मुस्कान अभियान को दमोह जिले में प्रभावी रूप से आगे बढ़ाते हुए चौकी बांदकपुर पुलिस ने स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी स्कूल बांदकपुर में छात्रों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान एसडीओपी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी हिंडोरिया धर्मेंद्र उपाध्याय, उपनिरीक्षक सबिता रजक, चौकी प्रभारी बांदकपुर एएसआई राजेंद्र मिश्रा, महिला सुरक्षा शाखा से प्रधान आरक्षक मंजू टंडन और महिला आरक्षक क्रांति सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित नाबालिग छात्र-छात्राओं को घर से भाग जाने में होने वाले खतरों, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से बातचीत के जोखिम, प्रलोभनों से बचने के उपाय, पाक्सो एक्ट से जुड़े अपराधों तथा सोशल मीडिया पर



फोटो-वीडियो साझा करने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को समझाया गया कि किसी भी तरह की परेशानी की स्थिति में वे निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को जानकारी दें। साथ ही महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन और पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी बताए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अंशुमन नेमा सहित शिक्षकगण जशरथ राय, आर.एन. गुप्ता, कमलेश प्यासी, पंकज सेन, भगवानदास विश्वकर्मा, नीलम गोस्वामी, गजेन्द्र ठाकुर, टेकसिंह यादव, एस.एस. ठाकुर, संदीप जैन, लोकेश्वरी पाठक, ऋतु सेन, सत्या बाजपेयी, कमलावती धुर्वे, कंचन अहिरवार, स्वेता जैन, प्रीति पटैल, संध्या असाटी और आफरीन शेख आदि उपस्थित रहे। मुस्कान अभियान के माध्यम से पुलिस द्वारा नाबालिगों को जागरूक किए जाने की यह पहल समाज में सुरक्षा, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के लिये समाधान योजना लागू

**हिण्डोरिया।** मध्यप्रदेश राज्य में 03 माह से अधिक समय से बिजली बिल बकाया राशि वाले संभ्रांत उपभोक्ताओं को विद्युत देयकों के भुगतान की सहज सुविधा प्रदान करने हेतु समाधान योजना 2025-26 लागू की गई है। इस सम्बन्ध में जेई प्रदीप सिंह परिहार ने बताया कि यह योजना राज्य शासन एवं मध्यप्रदेश बिजली विभाग व्दारा बकाया राजस्व प्राप्ति के उददेश्य से सभी घरेलू- गैर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं, औधोगिक एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं (शासकीय उपभोक्ताओं को छोड़कर) के लिये संचयी विलम्बित भुगतान अधिभार मे छूट प्रदान करने हेतु लागू की गई है। राज्य शासन से प्रशासकीय अनुदान प्राप्त यह योजना राज्य मध्यप्रदेश मे 01 नवबंर 2025 से 04 माह की अवधि के लिये दो चरणों में अभी प्रभावशील रहेगी। यह समाधान योजना जल्दी आयें- एक मुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ उठायें- के सिध्दांत पर आधारित है। श्री परिहार ने बताया कि राज्य मे इस योजना का प्रथम चरण 01/11/2025 से 31/12/2025 तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न श्रेणी के सभी उपभोक्ताओं के एक मुश्त भुगतान करने पर भुगतान योग्य संचयी अधिभार मे 60-100% तक अधिभार माफ होगा। वहीं इस योजना का दूसरा चरण 01/01/2026 से शुरू होकर 28/02/2026 तक चलेगा। इस दूसरे चरण मे सभी विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को एक मुश्त भुगतान करने पर 50-90% तक अधिभार मे छूट मिलेगी। विस्तृत जानकारी के लिये सभी श्रेणी के उपभोक्ता उप बिजली केन्द्र हिण्डोरिया कार्यालय में आकर जानकारी ले सकतें है। श्री परिहार ने सभी बडे. बकाया बिल धारक संभ्रांत उपभोक्ताओं से आगे आकर शीघ्र समाधान योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# रक्तदान कर मनाया जन्मदिन



**झलौन।** रक्तदान महादान" की भावना को साकार करते हुए स्थानीय नागरिक युवा समाजसेवी चेतन जैन ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तेंदूखेड़ा में रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट संदेश दिया। चेतन जैन ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष दिन पर यदि किसी जरूरतमंद की जान बचाने में योगदान मिले तो इससे बड़ा उत्सव कोई नहीं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करें और समाज में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों एवं स्टाफ ने चेतन जैन के इस प्रेरणादायक कदम की सराहना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री जैन को मानवता के इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मूरत सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव,सतेंद्र जैन, महेंद्र पाटकर, महेश झरिया, नंदू घोष डाक्टर संजय विश्वकर्मा, डॉक्टर दिनेश अवस्थी जी के अलावा अन्य कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

# शिक्षक को स्थानांतरण करने ग्राम वासियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

## कहा शिक्षक कभी नहीं जाते स्कूल

**हटा।** विकासखंड की वनांचल क्षेत्र के चौरईया ग्राम पंचायत के छोटे से गांव पाटन में कई वर्षों से पदस्थ शिक्षक सियाराम यादव को ग्राम के स्कूल से अन्यत्र स्थानान्तरण करने ग्राम के लोगों ने हटा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने निवेदन किया कि हम सभी ग्राम पाटन ग्राम के आदिवासी जाति के है यहां शिक्षक सियाराम यादव कई वर्षो से पदस्थ है जो कभी स्कूल में उपस्थित नहीं रहते है न ही स्कूल में बच्चों को बढ़ाते है आज दिनांक तक कोई भी बच्चा 8 वी के बाद पढ़ाई नहीं करता है। उक्त शिक्षक द्वारा स्कूल में एक अतिरिक्त



रसोईया पुष्पा आदिवासी को। अपनी तरफ से लगाये है जो कभी खाना बनाने नहीं आती है लेकिन राशि आहरण हो रही है। मना करने पर स्कूल में मध्यान्ह भोजन वितरण बंद करने की शिक्षक द्वारा धमकी दी जाती है। वहीं शिक्षक सियाराम यादव द्वारा अपने ही पुत्र गोवर्धन को नियम विरूद्ध तरीके से अतिथि शिक्षक के पद पर भर्ती कर लिया है जो कि स्कूल में उपस्थित नहीं रहता है। इसलिए हम सभी लोगों द्वारा शिक्षक सियाराम यादव को ग्राम पाटन से अन्य जगह स्थानांतरित करवाने निवेदन कर रहे हैं ताकि गांव के बच्चों का भविष्य अंधकार में न हो। ज्ञापन देने वालों में गनेश, बबलू, दलू, कमलेश, हल्कू, गोरेलाल, नारायण, धर्मेश सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय अखंड दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न

**दमोह।** जिले के ग्राम टोरी से जहां पर भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में विश्व कल्याण जन कल्याण की भावना को लेकर 24 घंटे का जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ संपन्न किया गया जिसमें पंच ज्योति शक्ति थी सिद्धाश्रम से चलकर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला जी का आगमन हुआ साथ ही भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरव द्विवेदी जी अनूप भैया जी का भी आगमन हुआ जनकल्याण के भाव को लेकर किए गए दिव्य अनुष्ठान में सैकड़ो ग्रामों से लगभग 5000 लोग सम्मिलित हुए जिन्होंने मां जगत जननी जगदंबा की दिव्यता की आरती कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया आपको बता दें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष भाई ओमपाल सेन जी को शादी के 16 वर्ष बाद परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की असीम कृपा से पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई इसके उपलक्ष्य में मां जगत जननी जगदंबा का जिला



स्तरीय 24 घंटे का दिव्य अनुष्ठान आयोजित किया गया जिसमें पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न बहन संध्या शुक्ला जी का शुभ आगमन हुआ संध्या शुक्ला जी ने कार्यक्रम की समापन मेला में लोगों को संबोधित करते हुए परम पूज्य गुरुदेव भगवान के द्वारा चलाए जा रहे जैन कल्याणकारियों की जानकारी देते हुए की उपस्थित जन समुदाय को अपने जीवन में संस्कारों की यात्रा तय करने एवं लोगों को नशा मांसाहार से मुक्त रहते हुए चरित्रवणों का जीवन5000 जीने की प्रेरणा दी साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ दुबेदी जी के द्वारा राजनीतिक पार्टियों द्वारा समाज के बीच में जो नशे का व्यापार चलाया जा रहा है उस को लेकर वर्तमान सरकार को आडे हाथों लेते हुए लोगों को नेताओं की दोहरी चालो से बचकर अपने बुद्धि विवेक को जागृत करते हुए संस्कारों का जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# अनुभा अयतुलवार का आकस्मिक निधन

## एकता परिषद परिवार ने श्रृध्दांजलि अर्पित की

**दमोह।** जन संगठन म. प्र. एकता परिषद के बुन्देलखण्ड रीजनल की समन्वयक एवं दमोह जिला मे लगभग 20 वर्ष से अधिक समय तक सतत सक्रिय रहीं सामाजिक कार्यकर्ता अनुभा अयतुलवार का अचानक हृदय गति रूक जाने के चलते इन्दौर मे उपचार के दौरान निधन हो गया है। उनकी आकस्मिक मृत्यु पर एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि दमोह जिले मे अनुभा बहिन के साथ हमने वर्ष 2003 से लगातार संगठन एवं



संस्था के साथ जुड़कर वंचित समुदाय के जल जंगल जमीन एवं आजीविका के मुददो पर कार्य किया। अनुभा बहिन बहुत ही सक्रिय, जुझारू एवं अनुशासित सामाजिक कार्यकर्ता रही। ये बुन्देलखण्ड रीजनल समन्वयक एवं दमोह जिला समन्वयक भी रहीं। उन्होंने बतौर सामाजिक कार्यकर्ता हर भूमिका को बेहतर ढंग से निभाया। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सन्तोष सिंह ने कहा कि आज हम सबने समाज परिवर्तन की दिशा मे काम करने वाला एक बेहतर,योग्य, सक्रिय,सक्षम, मिलनसार, मृदुभाषी साथी खो दिया। अनूपपुर निवासी अनुभा बहिन की मृत्यु पर अयोध्या प्रसाद, बलराम पटेल, भूपेन्द्र लोधी, शिवलाल आदिवासी, रक्कू सिंह, खिलान गौड़, लल्लू आदिवासी, परसू सिंह सहित समस्त जिला के संगठन साथियों की ओर से उन्हें अश्रुपूर्ण विनम्र श्रृध्दांजलि अर्पित की गई है।

# पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने की शिकायत

**तेंदूखेड़ा।** नगर परिषद में वार्ड नंबर 8 की अनेक महिलाएं पेयजल की गुणवत्ता और नियमित आपूर्ति न होने की समस्या को लेकर सीएमओ से मिलने पहुंचीं। महिलाओं ने बताया कि नर्मदा लाइन से मिलने वाला पानी न तो पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है और न ही पीने योग्य है। पानी में मटमैला रंग, बदबू एवं गंदगी की शिकायत लगातार बनी हुई है, जिसके कारण वार्डवासियों को उल्टी, दस्त, बुखार जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि लाइनमैन द्वारा समय पर पानी की सप्लाई नहीं की जाती, जिससे कभी-कभी 4–5 दिनों तक वार्ड में पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि नर्मदा जल योजना वार्ड में प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो रही है, जिसके कारण पीने के स्वच्छ पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। महिलाओं ने पुराने बोरिंग के पानी की सप्लाई को भी एक दिन के अंतराल पर पुनः शुरू करने की मांग की, ताकि नर्मदा जल उपलब्ध न होने पर लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था मिल सके। सीएमओ पीयूष अग्रवाल का कहना पेयजल गुणवत्ता एवं समय पर आपूर्ति नगर परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने तुरंत ही जलप्रपात अधिकारी एवं नर्मदा लाइन के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वार्ड नंबर 8 में समय पर पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए जल आवर्धन प्रभारी तुषार ठाकरे को आवश्यक परीक्षण एवं निरीक्षण करने के लिए कहा गया है।नगर परिषद ने आश्वस्त किया है कि पेयजल समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा और नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा।



# डॉ गणेश राय को किया सम्मानित

**दमोह।** 22 नवंबर को दोपहर 3:00 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षा ग्रह गोल बाजार जबलपुर में दमोह के बुंदेली हस्ताक्षर डॉक्टर गणेश राय को पुस्तक बेड़िया कब तक कादंबरी से सम्मानित किया गया। संस्कारधानी जबलपुर में आचार्य भागवत दुबे अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण सचिव अंतरराष्ट्रीय संस्था कादंबरी 2025 का कभी स्वर्गीय छेदीलाल चौक से सम्मान से सम्मानित किया गया। अंधविश्वास पाखंडता सामाजिक विसंगतियों विद्रूपताओं पर प्रहार करती डॉ गणेश राय की पुस्तक संवेदनात्मक समसामयिक कृति है जिससे हिंदी साहित्य अकादमी भोपाल के अनुदान से प्रकाशित किया है। इस कृति पर मध्य प्रदेश लेखक संघ भोपाल का देवकीनंदन माहेश्वरी सम्मान वर्ष 2018 में भी प्राप्त हो चुका है दमोह के वरिष्ठ साहित्यकार पदमा तिवारी ओजेंद्र तिवारी प्रेमलता उपाध्याय एवं आराधना राय की उपस्थिति रही। दमोह के सभी साहित्यकारों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



**खबर संक्षेप**

## संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विशाल पदयात्रा आज

**दमोह।** जिले के सभी अम्बेडकरवादीयो एवं संविधान प्रेमीयो को सूचित किया जाता है, 26 नवंबर 2025 को "भारतीय बेरोजगार संघ" के संस्थापक कोमल अहिरवार के नेतृत्व में संविधान दिवस के सुअवसर पर भारतीय संविधान और बाबा साहेब अम्बेडकर जी के सम्मान में प्रत्येक वर्ष की तरह विशाल पद यात्रा का आयोजन किया गया है। पद यात्रा का मार्ग इस पर रहेगा डॉ अम्बेडकर चौक दमोह से पद यात्रा प्रारम्भ होगी। पद यात्रा से पूर्व सर्व प्रथम संविधान के रचेता बाबा साहेब अम्बेडकर जी को माल्यार्पण कर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर पद यात्रा घंटाघर होते हुये राय चौराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टेण्ड, कीर्ति स्तम्भ,के बाद डॉ अम्बेडकर चौराहे पर समापन होगा। एवं पद यात्रा में आये सभी साथी भारतीय संविधान की रक्षा करने एवं मौलिक कर्तव्यों का अनुशरण करने भारतीय संविधान की शपथ लेंगे।

## 162 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 162 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 11 आधार कार्ड सेवा, 02 आयुष्मान कार्ड, 07 किसान सम्मान निधि, 10 महिला एवं बाल विकास एवं 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले की ग्राम कुम्हारी, बांदकपुर सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 35 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया ।

25 दिसम्बर को भव्य कार्यक्रम में होगा भव्य लोकार्पण समारोह

# भारत रत्न अटल जी की मूर्ति बेलाताल में होगी स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण मध्यप्रदेश के दमोह नगर में स्थित बेलाताल के नवनिर्मित पार्क में होने जा रहा है। 25 दिसम्बर को आयोजित होने वाले भव्य आयोजन के तैयारियां मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के निर्देशन में प्रारंभ कर दी गयी है। आज 25 नबम्बर मंगलवार को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, नरेन्द्र बजाज ,पूर्व जिपं अध्यक्ष शिवचरण पटेल, एसडीएम आर.एल.बागरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी, डूडा अधिकारी कपिल खरे ने बेलाताल पार्क में पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। विदित हो कि दमोह जिले को तत्कालीन दमोह सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने एक बडी सौगात दी थी। करोड़ो रूपयों की यह सौगात अक्टूबर 2023 को लोकार्पण कर दमोह नगर को दी गयी थी। केन्द्रीय पर्यटन विभाग के द्वारा इसका निर्माण कराया गया था जिसमें ओपन जिम, ओपन थियेटर, आडोटोरियम, बच्चों, युवाओं एवं बुर्जगों के लिये बेहतर व्यवस्था की गयी है।

### 7.5 फुट उंची अटल जी की प्रतिमा

आगामी 25 दिसम्बर को दमोह के बेलाताल पार्क में जो प्रतिमा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी बाजपेयी 7.5 फुट उंची प्रतिमा स्थापित होकर लोकार्पित की जायेगी। इसके लिये जो फाउंडेशन बनाया जायेगा उसको मिलाकर यह लगभग जमीन से 15 फुट उंची होगी। ओपन थेयटर एवं आडोटोरियम के मध्य लान में इसको स्थापित किया जायेगा और इसी दिन पार्क का नाम अटल उद्यान हो जायेगा। लोकार्पण के लिये स्वयं मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल दमोह पहुंचेंगे। विदित हो कि गत अक्टूबर 2023 में जब प्रहलाद सिंह पटेल ने बेलाताल पार्क के नवनिर्मित क्षेत्र का लोकार्पण किया था तो उन्होने खुले मंच से इस बात की घोषणा की थी कि यहां श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा लगेगी और मैं स्वयं उसका लोकार्पण करने आउंगा। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि आयोजन बडा है और भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति को कहां किस जगह स्थापित किया जाये इसके लिये स्थल अवलोकन किया गया। ओपन थेयटर एवं आडोटोरियम के मध्य लान में इसको स्थापित करने का स्थान चिंहित किया गया है। नरेन्द्र बजाज ने कहा कि 25 दिसम्बर को श्रृद्धेय अटल जी का जन्म दिन है और इसी दिन मूर्ति को स्थापित किया जायेगा। मूर्ति निर्माण अंतिम चरण में हैं और जल्द ही दमोह पहुंचेगी।

## जेम पोर्टल पर बिना पंचायत के नाम लिखे फर्जी बिलों की चर्चाएं सोशल मीडिया पर वायरल

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत बिना पंचायत के नाम लिखे बिलों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहें हैं। इससमें सिर्फ जनपद पंचायत का नाम लिखा है कोई भी पंचायत का नाम का जिक्र नही है जिससे संदेह की स्थिति बनी हुई है कि आखिर बिना पंचायत के नाम लिखे कैसे भुगतान किया जाएगा। चर्चाएं हैं कि जनपद पंचायत अंतर्गत कई ग्राम पंचायत से बिल लग गये और करीब 49800 रूपए के बिल का भुगतान पंचायतों द्वारा 5 वें व 15 वें वित्त की राशि से क्लोरीन टैबलेट का बिल जेम पोर्टल से किया जा रहा है। जिसमें राशि का बंदरबांट की चर्चाएं हैं कि नजदीकी फर्म द्वारा सप्लाई की जा रही। 12 हजार की क्लोरीन गोली के करीब पचास हजार रूपए पंचायतों से भुगतान कराए जा चुके है। उक्त पोर्टल पर फर्जी बिलों का सच में कोई खेल तो नही चल रहा या जिम्मेदार की सांठगांठ तो नही चल रही जिसकी निष्पक्ष जांच होना चाहिए। शासन की राशि का बंदरबांट तो नही हो रहा है। वही इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओं कृष्णकांत पाण्डे से बात की तो उनका कहना है कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार जनपद में कार्य किया जा रहा है जेम पोर्टल शासकीय है कोई व्यक्तिगत नही है हर कोई उसमें बिल लगा सकता है।

# कलेक्टर ने पांच व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित किये, आईडी लॉक कर कार्रवाई के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भावांतर भुगतान योजना 2025 अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी दल के प्रतिवेदन पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कृषि उपज मंडी दमोह के सचिव को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कोचर ने सचिव से कहा है कृषि उपज मंडियों का सतत भ्रमण कर निरीक्षक तथा व्यापारियों की खरीदे गए स्कंध का भौतिक सत्यापन, सोयाबीन खरीदी कृषकों को राशि भुगतान संबंधी समस्याओं का निराकरण के लिये जिला स्तरीय निगरानी दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय निगरानी दल द्वारा 22 नवंबर 2025 को कृषि उपज मंडी दमोह परिसर में व्यापारियों द्वारा खरीदे गये सोयाबीन का भौतिक सत्यापन किया गया, भौतिक सत्यापन के दौरान फार्म /व्यापारियों के ऑनलाइन ई-अनुज्ञा एवं भौतिक सत्यापन किए जाने पर सोयाबीन के स्कंध में अंतर पाया गया। जांच प्रतिवेदन अनुसार आस्था ट्रेडिंग कंपनी दमोह, राम श्याम ट्रेडिंग कंपनी दमोह, रामकृष्ण गुलाब चंद्र गुप्ता दमोह, हरिप्रसाद दिलीप कुमार गुप्ता दमोह, मां लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी दमोह की फर्मा/ व्यापारियों द्वारा भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी में एक ही उपज को कई बार खरीदा (रिसाईकल) गया है। उन्होंने निर्देशित किया उक्त फर्मो / व्यापारियों द्वारा अभी तक खरीदे गए समस्त कृषकों को ऑनलाइन भुगतान ई- अनुज्ञा पोर्टल पर दो दिवस के अंदर करवाते हुए मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत उक्त व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित कर, आईडी लॉक कर तथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई कर कलेक्टर को सूचित करना सुनिश्चित किया जाए।

## अमानक पाई गई 6 आयुर्वेदिक औषधियों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित

**दमोह।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.राजकुमार पटैल ने एक महत्वरपूर्ण कदम उठाते हुए 6 आयुर्वेदिक औषधियों को दमोह जिला में क्रय-विक्रय और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया हैं। इन औषधियों के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई हैं। ये औषधियॉ राज्यस्तरीय आयुर्वेद औषधि प्रयोगशाला ग्वालियर की जॉच में अमानक पायी गई हैं। ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के नियम 33 ईई के तहत इन औषधियों को मानव उपयोग के लिए असुरक्षित मानते हुये यह कार्यवाही संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशन में की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया प्रतिबंधित औषधियों में शर्मायु जैनयुन आयुर्वेद दतिया म.प्र. द्वारा निर्मित गिलोय सत्व बैंच नंबर 005पी-1 निर्माण तिथि 03/2025 और कामदुधा रस बैंच नंबर 25117002 पी-1, निर्माण तिथि 06/2025, श्री धनवंतरी हर्बल सोलन एचपी द्वारा निर्मित प्रवाल पिष्टी, बैंच नंबर पीपीएमबी-077 निर्माण तिथि 06/2024 और मुक्ता शुक्ति बैंच नंबर एमएसबीडी-059 निर्माण तिथि 07/2025, डाबर इंडिया लि. साहिबाबाद उ.प्र द्वारा निर्मित कफ कुठार रस बैंच नंबर एसबी00066 निर्माण तिथि 04/2025 तथा लक्ष्मी विलास रस बैंच नंबर एसबी 00665 निर्माण तिथि 02/ 023 औषधियां अमानक पाए गये हैं।

## प्रभारी सचिव मण्डी निरीक्षक तत्काल प्रभाव से निलंबित

**दमोह।** शासन की महत्वाकांक्षी भावान्तर भुगतान योजना संचालन के संबंध में शासन एवं मण्डी बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर ई-अनुज्ञा पोर्टल पर किसानों के भुगतान की नियमित समीक्षा नहीं करने तथा संबंधित व्यापारी के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं कर कृषकों को उनकी उपज का समयावधि में भुगतान नहीं कराने तथा कर्त्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल केआयुक्त सह-प्रबंध संचालक कुमार पुरूषोत्तम ने कृषि उपज मण्डी समिति हटा के मण्डी निरीक्षक (प्रभारी सचिव) श्री छन्नूलाल सौर को मध्यप्रदेश राज्य मण्डी बोर्ड सेवा विनियम के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की अवधि में श्री सौर का मुख्यालय म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,आंचलिक कार्यालय सागर रहेगा। निलंबन अवधि में सेवा विनियम के तहत जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी।

# बाघ गणना : 9 दिन में 26 बाघ में से एक भी नहीं दिखा

**तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 15 नवंबर से पहले चरण की बाघों की गणना शुरू हो गई है। पिछले 9 दिन में एक भी बाघ नजर नहीं आया, जबकि टाइगर रिजर्व में 26 बाघ होने की बात कही जा रही है। हालांकि आगे बाघों के मिलने की उम्मीद है टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार 1100 वर्ग किलोमीटर में गणना के लिए 550 ग्रिड बन रही हैं। एक ग्रिड 2 वर्ग किलोमीटर की है। एक ग्रिड में 2 कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरा ट्रैपिंग के लिए दो ब्लॉक बनाए हैं। 15 दिसंबर तक 300 ग्रिड में काम होगा। इसमें मोहली, झापन, सिंगपुर और कुछ हिस्सा नौरादेही का शामिल किया जाएगा। 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक दूसरे ब्लॉक के 250 ग्रिड में काम होगा। इसमें डोंगरगांव, सर्रा और बाकी बचा नौरादेही का हिस्सा शामिल करेंगे। इसमें 500 ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) की पहली आधुनिक कैमरा ट्रैप आधारित गणना वर्ष 2006 में हुई थी। इसके बाद हर 4 साल में बाघों की गणना की जाती है। जब टाइगर रिजर्व नौरादेही अभयारण्य था तब भी यहां लाए गए बाघ-बाधिन को गणना में शामिल किया गया था।

# एसआईआर कार्य में बीएलओ पर बढ़ते दबाव पर जताई चिंता

## भारत निर्वाचन आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के राष्ट्रीय स्तर के संगठन "अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर्स के ऊपर बढ़ते कार्य-दबाव, तकनीकी अव्यवस्था और प्रशासनिक दवाब को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि बीएलओ को लगातार 16द्18 घंटे फील्ड और पोर्टल कार्य करना पड़ रहा है, जबकि ऐप और पोर्टल के बार-बार क्रैश होने, नेटवर्क के अभाव तथा तकनीकी सहायता न मिलने से काम और भी कठिन हो गया है। साथ ही मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ श्री क्षत्रवीर सिंह राठौर जी ने अपने राष्ट्रीय संगठन के समक्ष अपनी बात रखते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के कई जिलों में अधिकारियों द्वारा धमकीपूर्ण भाषा, नोटिस, वेतन रोकने की चेतावनियाँ और अपमानजनक व्यवहार की शिकायतें मिली हैं, जिसने ठस्० शिक्षकों में भारी मानसिक तनाव पैदा किया है।कुछ राज्यों में आत्महत्या जैसी दुखद घटनाएँ भी सामने आई हैं, जो इस स्थिति की गंभीरता और मानवीय पक्ष की ओर स्पष्ट संकेत करती हैं। महासंघ की महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि बीएलओ को आवश्यक संसाधन, तकनीकी प्रशिक्षण और सहयोगी स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण उन्हें अपने निजी संसाधनों से कार्य पूरा करना पड़ रहा है। दूरस्थ, पहाड़ी और मरुस्थलीय क्षेत्रों में नेटवर्क की अनुपलब्धता के चलते ऑनलाइन सत्यापन और डेटा अपलोड लगभग असंभव हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि 20 वर्ष पुराने दस्तावेज़ मांगने पर जनता में भ्रम और असहयोग की स्थिति है, जिसके कारण कई बार बीएलओ को अभद्रता और तनावपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। आयोग द्वारा इस गहन सर्वे की पर्याप्त जानकारी आम जनता तक न पहुँच पाने से यह समस्या और बढ़ गई है। महासंघ ने भारत निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि पुनरीक्षण कार्य की अंतिम तिथि को पर्याप्त आगे बढ़ाया जाए, ताकि बीएलओ बिना दबाव के गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें। महासंघ ने इस कार्य में दबाव के कारण असामयिक मृत्यु या आत्महत्या करने वाले ठस्० शिक्षकों के परिवारों को 1 करोड़ का अनुग्रह मुआवजा और एक आश्रित को सरकारी सेवा देने, तथा इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की माँग की है। साथ ही, प्रत्येक बूथ और ब्लॉक स्तर पर तकनीकी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर या बीएलओ सहयोगी उपलब्ध कराने, बीएलओ को 5ळ नेटवर्क, टैबलेट/लैपटॉप, यात्रा भत्ता और अन्य आवश्यक संसाधन देने की आवश्यकता भी रेखांकित की गई है। महासंघ ने यह भी कहा है कि अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि वे धमकी, दबाव या अपमानजनक भाषा का उपयोग न करें और बीएलओ के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करें। महासंघ ने आयोग से इन सब बिंदुओं को ध्यान रखते हुए संवेदनशील और त्वरित हस्तक्षेप करने की मांग की है।

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी सम्पन्न....

# हमारा कर्तव्य है कि हम दूसरों की मदद करें: श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान लागू होने के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में संविधान दिवस पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान, विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भूतपूर्व प्राध्यापक जितेन्द्र गुरू ने की वहीं विशिष्ट अतिथि साहित्यकार नरेंद्र दुबे, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे और जनपद सदस्य संगीता श्रीधर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आलोक जैन वरिष्ठ प्राध्यापक डां. एसके अग्रवाल, डॉ हरिओम दुबे और कार्यक्रम की संयोजक एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ इंदिरा जैन की विशेष उपस्थिति रहीं। संगोष्ठी में राजनीति विज्ञान के एम ए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और अतिथियों का स्वागत शॉल श्रीफल से किया गया। विषय प्रवर्तक के रूप में डां इंदिरा जैन ने विषय की शुरुआत करते हुए कहा कि संविधान राष्ट्र की अभिव्यक्ति के साथ शुरू होता है जिसमें हम सांस लेते हैं यह सिर्फ अक्षरों का समूह नहीं,बल्कि जीवन मूल्यों का लिपिबद्ध दस्तावेज है सैकड़ो वर्षो की ग़ुलामी के पश्चात सुनहरे भविष्य की आशा के साथ विकास के नये आयाम को स्थापित करने एवं ग़लतियों को दूर करने और सुधारने का मौका मिला। श्याम शिवहरे ने कहा आजादी के पहले भी अधिकार थे परंतु उस समय गुलाम के नाते अधिकार दिए गए थे। आजादी के बाद मूल अवधारणा में स्वतंत्रता व अधिकार मिले पर अधिकार क्षेत्र कितना है यह अवधारणा में आया, 1000 पहले से हम विश्व को ज्ञान प्रदान करते आ रहे है अब हम फिर उस स्थिति में पहुंच रहे है आपकी भी जिम्मेदारी बढ़ रही है। लाभ मिला है पर दुरुपयोग ना हो। सबकी मदद करना हमारा कर्तव्य है। संविधान की रक्षा नागरिकों से होती है। नरेंद्र दुबे ने कहा सफलता और सार्थकता दिखाई देनी चाहिए। महाविद्यालय में महान विचारों का चिंतन हो।हम संविधान का अमृत उत्सव मनाने जा रहे हैं। हिंदुस्तान की संस्कृति, विरासत ऐसी है जो हमें टूटने नहीं देती है। देश विविधताओं से भरा है हमें एकजुटता दिखानी होगी। अधिकार के साथ कर्तव्यों का क्रियान्वयन करना है। राष्ट्र है तो हम हैं। डॉ जितेंद्र गुरु ने कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए, समाज के लोग जागरूक होंगे तो जाति के आधार पर यह भेदभाव भी समाप्त होगा। संविधान लोगों को समानता प्रदान करता है,राज्य और जनता के बीच संबंधों की व्याख्या करता है। हमारा संविधान हस्तलिखित संविधान है। अच्छी चीज हमने अन्य संविधानों से ग्रहण की है। छात्र यशस्वी तिवारी, निकिता जैन,अजय कुशवाहा, अनुराग पटैरिया, सतीश अहिरवार, माधव काछी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर डॉ पवन जैन, डॉ एम एम महंत,एन पी कुमार, एकता मसीह, नाजनीन बेगम,बीडी रैकवार, धीरज जानसन, डॉ ऋषिभा, शिवा जैन सहित महाविद्यालय स्टाफ और छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल जैन और आभार डॉ हरिओम दुबे ने व्यक्त किया।

# अस्पताल के अभाव से आम अवाम परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

दमोह जिला के अंतिम छोर पर बसे ग्राम गैसाबाद के वासिंदे आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। करीबन 8 हजार की आबादी वाले ग्राम गैसाबाद से आसपास के दर्जनों गांवों लगे हुए हैं लेकिन इन गांव में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव है। लंबे समय से ग्राम गैसाबाद में 20 पलंग की अस्पताल का निर्माण कराए जाने हेतु क्षेत्र वासियों द्वारा मांग की जाती रही है। इसी क्रम में हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव द्वारा एक डेलिगेशन के साथ पूर्व के मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल गौर एवं शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंप कर ग्राम में अस्पताल का निर्माण कार्य कराया जाने की मांग की गई थी। लेकिन अफसोस की कोई ध्यान नहीं दिया गया क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री रहे राजा पटेरिया द्वारा भी ग्राम में स्पताल का निर्माण कराये जाने की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद भी अस्पताल का निर्माण नहीं हो सका क्षेत्र में अस्पताल एवं उच्च डॉक्टर नहीं होने के कारण क्षेत्रवासी परेशान है। यदि लोगों के घरो में कोई बीमार पड़ता है तो उन्हें इलाज के लिए गांव से 27 किलोमीटर दूर हटा शहर को जाना पड़ता है कई बार तो समय के अभाव से कुछ मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते है। क्षेत्र वासियों ने हरिभूमि को बताया कि हमारे क्षेत्र से नेता चुनाव जीतकर विधायक मंत्री तो बनते रहे लेकिन क्षेत्र के विकास के बारे में बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया गया जिससे हमारा क्षेत्र आज भी पिछड़ा हुआ है। गैरतलब है की इस क्षेत्र से पिछले 20 वर्षों से लगातार भाजपा के विधायक चुनाव जीतते आ रहे हैं श्रीमती उमादेवी खटीक तीसरी बार चुनाव जीतकर विधायक बनी है और प्रदेश में इन्हीं की पार्टी भाजपा की सरकार है। इसके पूर्व स्वर्गीय गंगाराम पटेल जी एवं राजा पटेरिया जी प्रदेश सरकार के मंत्री रह चुके हैं। क्षेत्र से दो बार सांसद एवं केंद्र में मंत्री रहे पहलाद पटेल जो वर्तमान में प्रदेश सरकार के पंचायत मंत्री हैं वह भी यहां से चुनाव जीतते रहें लेकिन क्षेत्र के विकास की ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं रहा यही कारण है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र की जनता शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। क्षेत्रवासियों ने जन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से ग्राम में कम से कम 20 पलंग की अस्पताल का निर्माण कार्य कराए जाने एवं उच्च डॉक्टरों की टीम की पदस्थापना किए जाने की मांग की है ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# मासूमों की जिंदगी को जिंदा लाश में बदल रहा नशा

## नशा मुक्ति अभियान को मुंह चिढ़ा रहा फेवीकोल, सुलेशन का नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

एक ओर जहां प्रदेश सरकार द्वारा नशा विरोधी अभियान छेड़कर नामचीन नशा तस्करों को सलाखों के पीछे धकेलने संबंधी दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी दावों के उलट देश का भविष्य नशे की आगोश में समाता जा रहा है जिसे इस दुनिया से बाहर निकालने कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं साथ ही नशे की सौदागरों पर भी रोक लगाने की सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहे हैं जिससे मासूम बच्चे नशा कर जिंदा लाश बने हटा नगर की सड़कों पर अक्सर देखे जा सकते हैं। इस संबंध में पड़ताल करने पर हटा नगर में सामने आया कि आसानी से व सस्ता मिलने वाले फ्ल्यूड, थिनर, फेवीकोल व सुलेशन को बच्चे रूमाल या फिर किसी कपड़े पर डालकर नशे के रूप में सूघते है, जो खतरनाक है और सूंघने वाले बच्चों को बेसुध कर देता है। नशा करने के बाद बच्चों का दिमागी संतुलन बिगड़ जाता है। जिसके दूरगामी परिणाम भयावह नजर आ रहे हैं। समय रहते नौनिहालों के नशे की लत पर विराम न लगाया गया तो आगे वाले समय में स्थिति इतनी भयावह होगी कि अपराध व अपराधियों की एक लंबी फेहरिस्त होगी और उन्हें रोक पाना बहुत ही कठिन हो जायेगा। बचपन से ही नशे के शौकीन होने वाले नौनिहाल आगे चलकर क्या गुल खिलायेंगे यह कह पाना कठिन है। इन नशीली सामग्रियों का कब कैसे और कहां उपयोग करना है इससे भी यह बहुत अच्छी तरह से वाकिफ हैं। जिसका ही परिणाम है कि एक अदना सा बच्चा भी इन दिनों नशीले पदार्थों का शौकीन होता जा रहा है। आधुनिकता की दौड़ में आगे बढ़ रहा समाज अच्छाईयों के साथ ही बुराईयों को भी जन्म दे रहा है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे नशे के शौकीन होते जा रहे हैं जिन्हें रो पाना बहुतही मुश्किल होता जा रहा है।

### सुबह से शाम तक चलता है दौर

छोटे-छोटे बच्चे सुबह से ही घर से निकल जाते है और अपने अन्य मित्रों के साथ पूरा दिन यहां से वहां घूमते रहते है। इस बीच नशे की नई-नई सामग्रियों का दौर जारी रहता है। कहा जाये तो यह नौनिहाल भी सुबह से लेकर देर शाम तक नशे के आगोश में समाये रहते हैं।

### इनके हो रहे आदी

बचपन पूरी तरह से नशे के आगोश में समाता जा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे इन दिनो फेवीकोल, थिनर व सुलेशन जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं का उपयोग नशे के रूप में कर रहे हैं। बड़े-बड़े घरों के बच्चे जहां अन्य नशे की सामग्री का उपयोग करते हैं वही गरीब परिवार के बच्चे इधर से उधर भटकते रहते है और जहां भी ऐसी सामग्री मिलती है उसका उपयोग नशे के रूप में करते देखे जा सकते हैं।

### कहां है नशामुक्ति अभियान

कहने को तो पूरे संभाग में नशा मुक्ति अभियान चलाये जा रहे है जिसके विपरीत छोटे-छोटे बच्चे नशे की गिरफ्त में है। उन्हें इससे बचाने कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये तो स्थिति बहुत ही भयावह हो जायेगी। छोटे-छोटे बच्चे जिस तरह से नशीली सामग्रियों के शौकीन होते जा रहे है उसके पीछे जिम्मेदार कौन है यह सबसे सोचनीय पहलू है। बचपन से ही जो नशे के शौकीन हो रहे हैं और नशे के लिये कुछ भी करने के लिये तैयार है वह आगामी दिनों में कुछ भी कर सकते हैं। नशे की लत जिस तरह से समाज में घर करती जा रही है उससे आगामी दिनों में अपराध और अपराधियों को बढ़ावा देने वाली है।

## रोजगार मेले में दमोह के युवाओं को मिलेगा बड़ा अवसर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया इस बार जिला प्रशासन का मुख्य लक्ष्य दमोह के युवाओं को जिले में ही रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा हम प्रयास कर रहे हं युवाओं को बाहर न जाना पड़े और उन्हें घर के नजदीक ही बेहतर रोजगार मिल सके। इस बार 400 से अधिक पद केवल दमोह लोकल में उपलब्ध कराए जा रहे हैं, 500 से अधिक पद पीथमपुर में उपलब्ध होंगे। इसके अलावा जबलपुर और सागर में भी बड़ी संख्या में पदों की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ने बताया इस बार दमोह, सागर और जबलपुर में सर्वाधिक पद उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा युवाओं की मांग के अनुरूप स्थानीय स्तर पर ही अधिक अवसर देने का विशेष प्रयास किया गया है। मेले में 5वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्निक सहित विभिन्न शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

**नाम सुधार सूचना**

मै श्रीमति शशिकला विलियमसन पति श्री भरत कुमार विलियमसन उम्र 77 वर्ष निवासी सिविल वार्ड नंबर 09 किल्लाई नाका दमोह तहसील व जिला दमोह मध्यप्रदेश दिनांक 24.11.2025 को नोटरी के समक्ष दिये गये शपथ पत्र के माध्यम से अपने पासपोर्ट क्रमांक जे. 2409685 में दर्ज नाम शशिकला भरत के स्थान पर शशिकला विलियमसन दर्ज किये जाने की सूचना प्रसारित कर रही हूँ। अत: अब मेरे उपरोक्त पासपोर्ट में शशिकला विलियमसन लेख किया जावे।

**शपथकर्ता**
**श्रीमति शशिकला विलियमसन**